Any person who has a claim in respect of the said Shares should lodge the same with the Company at its Registered Office within 21 days from this date else the Company will proceed to issue duplicate certificate(s) to the aforesaid applicants without any further intimation.

Folio No.: **V01131**
Name of Shareholder's: **V. POOMANI (DECEASED)**
No of Shares: **50**
Distinctive Nos.: **16161227 - 16161276**
Certificate Nos.: **5158**

[Name of Shareholder(s)]
V. POOMANI
Dated: 09.12.2023
Abbott India Ltd
3, Corporate Park, Sion – Trombay Road
Mumbai- 400 071

NEW SAMHITA COMMERCIAL CO-OPERATIVE SOCIETY LTD.

Regn No. BOM-2/WL/GNL/(C)/8204/99-2000/OF 2000, Dated- 24/2/2000
Plot No. 13-A/B, Samhita Complex, Mohili Village, Sakinaka, A. K. Road, Mumbai-400 072

DEEMED CONVEYANCE PUBLIC NOTICE
(Application No. 100/2023)

Notice is hereby given that the above Society has applied to this office under Section 11 of Maharashtra Ownership Flats (Regulation of the promotion of construction sale, management & Transfer) Act, 1963 for declaration of Unilateral Deemed Conveyance of the following properties. The next hearing in this matter has been kept before me on **26/12/2023 at 2:30 pm** at the office of this authority.

Respondent No.- 1) M/s. Embee Constuction Co. Pvt. Ltd., D-Block, Wankhede Stadium, D-Road, Churchgate, Mumbai-400 020, **2) M/s. Samhita Industrial Enterprises,** D-Block, Wankhede Stadium, D-Road, Churchgate, Mumbai-400 020, **3) Mr. Nandkishor Lalbhai Mehta,** (Address unknown) and those, whose interests have been vested in the said property may submit their say at the time of hearing at the venue mentioned below. Failure to submit any say shall be presumed that nobody has any objection in this regard and further action will be taken accordingly.

DESCRIPTION OF THE PROPERTY :-

Building of New Samhita Commercial Co-operative Society Ltd. along with land as mention below.

Survey No.	Hissa No.	Plot No.	C.T.S. No.	Claimed Area
--	--	13/A/B	783/7, 782/B Village Mohili, Tal. Kurla	5313.90 Sq. Mtrs.

Ref. No. MUM/DDR(2)/Notice/2777/2023
Place : Konkan Bhavan,
Competent Authority & District Dy. Registrar,
Co-operative Societies (2), East Suburban, Mumbai
Room No. 201, Konkan Bhavan,
C.B.D. Belapur, Navi Mumbai-400614.
Date : 08/12/2023 Tel.: 022-27574965
Email : ddr2coopmumbai@gmail.com

SEAL

Sd/-
(NITIN DAHIBHATE)
For Competent Authority & District Dy. Registrar Co.op. Societies (2), East Suburban, Mumbai

Exhibit "A"
Form No.6
[See Regulation-15 (1)(d)]

DEBTS RECOVERY TRIBUNAL MUMBAI (DRT 2)

3rd floor, Colaba, Telephone Bhavan, Colaba Market, Mumbai- 400 005
MA No. 15/2023
Exh. No. 12

MRS.SUMAN ASHOK JINDAL & ANR.
VS
ANAND RATHI GLOBAL FINANCE LTD & ORS.

NAME & ADDRESS OF DEFENDANT

(2) **RAJ ARCADES AND ENCLAVES PVT. LTD.**

having its Registered Office at C/101, Ratnakar, 1st Floor, Opp. Ekta Bhoomi Classic, Mahavir Nagar, Kandivali west, Mumbai - 400067.

And at also:

Residential address No. 102, 1st Floor, Opposite Fire Brigade, Abhipsa Kamla Nehru Cross Road No.2, Kandivali (W), Mumbai - 400067.

(4) **MR. RAJESH DHANJI SAVLA,**

Having his residential address at 102, 1st Floor, Opposite Fire Brigade, Abhipsa Kamla Nehru Cross Road No.2,Kandivali west, Mumbai - 400067.

NOTICE

WHEREAS the application has been made to this Tribunal. The copy of which is enclosed herewith. This is to give you notice, as to why relief asked for should not be granted. Take notice that the said application will be taken up for hearing by the Tribunal at 11:00 a.m. or at such time immediately thereafter according to the convenience of the Tribunal on 21.12.2023

2. You are required to appear in person or by a Pleader/Advocate duly instructed at the aforesaid time and file your reply, if any.
3. Take notice that in default of, your appearance on the day mentioned herein before, the proceeding will be heard and determined in your absence.

Given under hand and the seal of this Tribunal on this 18.10.2023

Sd/-
Registrar
Debts Recovery Tribunal No.2
Mumbai

PUBLIC NOTICE

MR. MAHESH NAMDEO SAWANT, member of REGENCY VILLA Co-op. Hsg. Soc. Ltd., and owner of Flat no.G-3, on the Ground floor, in B' wing of REGENCY VILLA Co-op. Hsg. Soc. Ltd., having address at, K. T. Vihar Complex, Om Nagar, Vasai Road (W), Tal. Vasai, Dist. Palghar 401202, died on 18/09/2023. The Society intends to transfer the said Flat alongwith its 50% shares in the name of his wife & co-owner MRS. MANASI MAHESH SAWANT. Claims / Objections are hereby invited from the heir or heirs or other claimants/Objector or objections to the Transfer of the said Shares and interest of the deceased member in the capital/property of the society within a period of 14 days from the publication of this notice, with copies of such documents and other proofs in support of his/her/their claims/objections for transfer of shares and interest of the deceased member in the capital/property of the society, or to us at the below mentioned address. If no claims/objections are received within the period prescribed above, the shares and interest of the deceased member in the Capital/property of the society along with the said flat shall be transferred in the name of MRS. MANASI MAHESH SAWANT, in such manner as is provided under the bye-laws of the society.

Place: Vasai Road (W)
Date:09/12/2023 **Sd/-**
Adv. Sharukh S. Shaikh
Shop No.7, Ground floor, Agarwal Peace Heaven, Bhabhola, Vasai Road (W) Tal. Vasai, Dist. Palghar, 401 202

PUBLIC NOTICE

MR. NAVINCHANDRA MOHANLAL MAJITHIA, member of DHURI SADAN Co-op. Hsg. Soc. Ltd., and owner of Flat no.209, on the Second floor, in C' wing of DHURI SADAN Co-op. Hsg Soc.Ltd., having address at, Vidya Mandir Marg, Ambadi Road, Vasai Road (W), Tal. Vasai, Dist. Palghar 401202, died on 14/11/2014. The Society intends to transfer the said Flat alongwith shares in the name of his wife MRS. GEETA NAVINCHANDRA MAJITHIA. Claims / Objections are hereby invited from the heir or heirs or other claimants/Objector or objections to the Transfer of the said Shares and interest of the deceased member in the capital/ property of the society within a period of 14 days from the publication of this notice, with copies of such documents and other proofs in support of his/ her/ their claims/ objections for transfer of shares and interest of the deceased member in the capital/ property of the society, or to us at the below mentioned address. If no claims/objections are received within the period prescribed above, the shares and interest of the deceased member in the Capital/property of the society along with the said flat shall be transferred in the name of MRS. GEETA NAVINCHANDRA MAJITHIA, in such manner as is provided under the bye-laws of the society.

Place: Vasai Road (W)
Date:09/12/2023 **Sd/-**
Adv. Sharukh S. Shaikh
Shop No.7, Ground floor, Agarwal Peace Heaven, Bhabhola, Vasai Road (W) Tal. Vasai, Dist. Palghar, 401 202

Uniparts India Limited

Registered Office: Gripwel House, Block-5, Sector C 6 & 7 Vasant Kunj, New Delhi 110070
Corporate Office: 1st Floor, B 208, A1 & A2, Phase-II, Noida-201305, (U.P.)
Tel: +91 120 4581400
CIN L74899DL1994PLC061753
Email : compliance.officer@unipartsgroup.com; Website : www.unipartsgroup.com

POSTAL BALLOT NOTICE AND E-VOTING INFORMATION

Members are hereby informed that pursuant to the provisions of Section 110, and other applicable provisions of the Companies Act, 2013, as amended (the "Act"), read together with the Rule 20 and Rule 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended (the "Management Rules"), General Circular Nos. 14/2020 dated April 8, 2020, 17/2020 dated April 13, 2020, 20/2020 dated May 5, 2020, 22/2020 dated June 15, 2020, 33/2020 dated September 28, 2020, 39/2020 dated December 31, 2020, 10/2021 dated June 23, 2021, 20/2021 dated December 8, 2021, 3/2022 dated May 5, 2022, 11/2022 dated December 28, 2022 and 09/2023 dated September 25, 2023, issued by the Ministry of Corporate Affairs, Government of India (the "MCA Circulars"), Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("LODR Regulations"), Secretarial Standard on General Meetings issued by the Institute of Company Secretaries of India ("SS-2") and any other applicable law, rules and regulations (including any statutory modification(s) or re-enactment(s) thereof, for the time being in force), Uniparts India Limited ("Company") is seeking approval of Members of the Company on the resolutions set out in the Postal Ballot Notice sent to the Members, whose email address is registered with the Company / Link Intime India Private Limited ("Link Intime" or "RTA"), Company's Registrar and Share Transfer Agent / Depository Participants ("DPs") / Depositories as on Friday, December 01, 2023 ("Cut-off date"). The Company has completed the despatch of the Postal Ballot Notice vide email through RTA on Friday, December 08, 2023.

The Company is providing to its Members the facility to exercise their right to vote on the resolutions proposed in the Postal Ballot Notice only by electronic means ("e-voting"). Members are requested to provide their assent or dissent through e-voting only. The Company has availed the services of Link Intime for facilitating e-voting to enable the Shareholders to cast their votes electronically. The detailed procedure for e-voting is enumerated in the Notes to the Postal Ballot Notice. Members are requested to note that the e-voting shall commence from Monday, December 11, 2023, at 9.00 AM. (1ST) and shall end on Tuesday, January 09, 2024, at 5.00 P.M. (1ST). The e-voting facility shall be disabled by Link Intime thereafter and members will not be allowed beyond the said date and time.

The voting rights of Members shall be reckoned as on the Cut-off date. A person who is not a Member on the Cut-off date should treat the Postal Ballot Notice for information purpose only. The voting rights of shareholders shall be in proportion to their share in the paid-up equity share capital of the Company as on the Cut-off date.

The Board has appointed Mr. Neelesh Kumar Jain, Company Secretary in Practice of M/s. NKJ & Associates (Membership No. F-5593, CP No. 5233), Practicing Company Secretaries, as the scrutinizer ("Scrutinizer") for conducting the Postal Ballot / e-voting process in a fair and transparent manner.

The Resolutions, if passed by the requisite majority through Postal Ballot, will be deemed to have been passed on the last date specified for e-voting, i.e., January 09, 2024. The result of the e-voting will be announced on or before Thursday, January 11, 2024 at the Registered Office of the Company and shall be available on the Company's website at www.unipartsgroup.com and on the website of RTA at https://instavote.linkintime.co.in.

The copy of the Postal Ballot Notice is available on the Company's website at www.unipartsgroup.com, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively, and on the website of Link Intime, e-voting agency at https://instavote.linkintime.co.in. Members who do not receive the Postal Ballot Notice may download it from the above-mentioned websites.

Members holding shares in dematerialised form, are requested to register / update their email address with the Depository Participant(s) with whom they maintain their demat accounts. Members holding shares in physical form, are requested to register/update their email address by writing to the Company/RTA, along with folio number, name of shareholder, scanned copy of the share certificate (front and back), PAN card (self-attested scanned copy) and AADHAR (self-attested scanned copy). The Members, holding shares in physical mode may send the aforesaid documents to update/register the email address on compliance.officer@unipartsgroup.com or at the following address of RTA:

M/s. Link Intime India Private Limited, Unit: Uniparts India Limited, Noble Heights, 1st Floor, Plot No. NH 2, LSC, C-1 Block, Near Savitri Market, Janakpuri, New Delhi-110058

In case the shareholders have any queries or issues regarding e-voting, they may refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and Instavote e-Voting manual available at https://instavote.linkintime.co.in, under help section or write an email to Mr. Rajiv Ranjan, AVP - e-voting, Link Intime, C-101, 247 Park, L.B.S. Marg, Vikhroli (West), Mumbai - 400083 at enotices@linkintime.co.in or contact at Tel: 022 - 49186000.

For and on behalf of the Board
Uniparts India Limited
Sd/-
Jatin Mahajan
Head Legal, Company Secretary & Compliance Officer

Date: December 09, 2023
Place: Noida

Markets, **Insight Out**

Markets, **Monday to Saturday**

To book your copy, sms **reachbs** to **57575**
or email **order@bsmail.in**



Business Standard
Insight Out

संक्षेप में

दुबई में जब्त स्पाइसजेट का विमान लौटाया गया

घरेलू एयरलाइन स्पाइसजेट ने शुक्रवार को कहा कि एक मुकदमे में दुबई में इस साल अक्टूबर में जब्त किए गए उसके एक विमान को अब दुबई अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र (डीआईएफसी) अदालत के आदेश पर मुक्त कर दिया गया है। स्पाइसजेट ने बयान में कहा, 7 दिसंबर को डीआईएफसी अदालत की सुनवाई में स्पाइसजेट के पक्ष में आदेश दिया गया। एयरलाइन ने दावा किया कि इसके अलावा, न्यायाधीश ने आदेश के परिणामस्वरूप स्पाइसजेट को हुए नुकसान की जांच का भी निर्देश दिया है। अदालत ने स्पाइसजेट द्वारा उठाए गए कानूनी खर्चों का भुगतान करने का भी आदेश दिया है। अदालत ने 30 अक्टूबर को भारतीय पंजीकरण, वीटी-एसएलएम वाले विमानों में लगे कुछ इंजनों के संबंध में 'फ्रीजिंग ऑर्डर (आदेश)' जारी किया। *भाषा*

सॉफ्टबैंक ने जोमैटो में शेष हिस्सेदारी बेची

सॉफ्टबैंक की निवेश फर्म एसवीएफ ग्रोथ सिंगापुर ने शुक्रवार को फूड डिलिवरी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी जोमैटो में अपने शेष 9.357 करोड़ शेयर (1.07 प्रतिशत इक्विटी) बेच दिए। इसने 1,128 करोड़ रुपये जुटाने के लिए 120.5 रुपये प्रति शेयर की दर पर शेयर बेचे। शेयर खरीदारों में सोसाइटी जेनरल, एडलवाइस म्युचुअल फंड, मॉर्गन स्टेनली और इनवेस्को एमएफ शामिल हैं। अक्टूबर में निवेश फर्म ने जोमैटो में 1.1 प्रतिशत हिस्सेदारी 111.2 रुपये प्रति शेयर की दर पर बेची थी। *बीएस*

ऐपल: अल्ट्रा प्रीमियम पर नजर

अल्ट्रा प्रीमियम स्मार्टफोन बाजार में 39 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की राह पर है ऐपल

सुरजीत दास गुप्ता
नई दिल्ली, 8 दिसंबर

होगा बाजार विस्तार

- कैलेंडर वर्ष 23 में भारत का संपूर्ण स्मार्टफोन बाजार 65 प्रतिशत तक बढ़ने की है उम्मीद
- आईफोन के कई उपयोगकर्ताओं में आईफोन प्रो का इस्तेमाल बढ़ा
- इससे ऐपल इंक इस टॉप-एंड स्मार्टफोन श्रेणी का बड़ा हिस्सा हासिल करने में कामयाब रही है
- हालांकि इसकी प्रतिस्पर्धी कंपनी सैमसंग ने इस श्रेणी में अपनी हिस्सेदारी में तुलनात्मक रूप से गिरावट देखी है

सबसे पहले अच्छी खबर। भारत का प्रीमियम स्मार्टफोन बाजार (30,000 रुपये से अधिक वाला) इस साल सफलता की राह पर बढ़ रहा है और अनुमान है कि इसमें पिछले साल की तुलना में कैलेंडर वर्ष 23 में 65 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि होगी।

हालांकि बुरी खबर यह है कि स्मार्टफोन की कुल बिक्री में दो प्रतिशत तक की गिरावट का अनुमान है क्योंकि उपभोक्ताओं को अपने पुराने फोन अपग्रेड करने में ज्यादा वक्त लग रहा है। इसके अलावा कई लोग नए मॉडलों के बजाय प्रीमियम सेकंड-हैंड फोन खरीद रहे हैं। यह जानकारी काउंटरपॉइंट रिसर्च के आंकड़ों पर आधारित है।

लेकिन आईफोन के कई उपयोग कर्ताओं द्वारा हाई-एंड आईफोन प्रो, जिसकी कीमत 1,00,000 रुपये से अधिक की होती है, में अपग्रेड करने की वजह से ऐपल इंक इस टॉप-एंड स्मार्टफोन श्रेणी का बड़ा हिस्सा हासिल करने में कामयाब रही है, जबकि प्रतिस्पर्धी सैमसंग ने इस श्रेणी में अपनी हिस्सेदारी में तुलनात्मक रूप से गिरावट देखी है।

एक लाख रुपये से अधिक वाली फोन श्रेणी में ऐपल की हिस्सेदारी कैलेंडर वर्ष 23 के आखिर तक 39 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है, जो कैलेंडर वर्ष 2022 की 35 प्रतिशत हिस्सेदारी से अधिक है। सैमसंग अपने फोल्डेबल स्मार्टफोन के साथ इस श्रेणी की प्रमुख कंपनी है। इसी अवधि के दौरान इसकी हिस्सेदारी 65 प्रतिशत से घटकर 59 प्रतिशत होने का अनुमान है।

हालांकि 50,000 रुपये से लेकर 1,00,000 रुपये तक वाले मूल्य दायरे में सैमसंग को कैलेंडर वर्ष 23 में 13 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी तक पहुंचने की उम्मीद है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दो प्रतिशत अंक का इजाफा है। इसके फ्लिप फोन की सफलता से ऐसा हुआ है।

दूसरी तरफ एक लाख रुपये से कम कीमत वाले बेसिक आईफोन 14 और आईफोन 15 में ऐपल इंक की बाजार हिस्सेदारी में चार प्रतिशत अंक तक की गिरावट देखी गई है, भले ही इसने कैलेंडर वर्ष 23 में 74 प्रतिशत की बड़ी हिस्सेदारी के साथ इस श्रेणी पर दबदबा बनाए रखा हो। शुरुआती स्तर वाली प्रीमियम श्रेणी, जिसकी कीमत 30,000 रुपये से लेकर 50,000 रुपये के बीच होती है, में सैमसंग कैलेंडर वर्ष 23 तक अपनी बाजार हिस्सेदारी अनुमानित रूप से 34 प्रतिशत तक बढ़ाने में सक्षम रहा है, जो कैलेंडर वर्ष 2022 की 30 प्रतिशत हिस्सेदारी से अधिक है। इस क्षेत्र में ऐपल की हिस्सेदारी आईफोन 13 जैसे इसके कुछ पुराने फोन तक सीमित है। इस श्रेणी में सैमसंग को वन प्लस से टक्कर मिल रही है।

प्रीमियम बाजार में बदलावों के बारे में भारत में काउंटरपॉइंट रिसर्च के संस्थापक नील शाह का कहना है कि सैमसंग के मामले में संयोजन पिछले साल एक लाख रुपये से अधिक वाले फोल्डिंग फोन से इस साल फ्लिप फोन (जैसे सैमसंग गैलेक्सी जेड फ्लिप 5) में तब्दील हो रहा है, जो एक लाख रुपये से कम वाले हैं। ऐपल का ज्यादा मेमरी वाला वेरिएंट प्रो बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

मैक्स हेल्थ ने खरीदा सहारा हॉस्पिटल

अंजलि सिंह
मुंबई, 8 दिसंबर

बढ़ेगा दायरा

- मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट ने 940 करोड़ रुपये में किया स्टारलिट मेडिकल सेंटर का अधिग्रहण
- इस अधिग्रहण के बाद कंपनी को लखनऊ में 550 बिस्तर वाले सहारा अस्पताल का स्वामित्व मिल जाएगा

बड़े और मध्य शहरों में अपनी मौजूदगी का विस्तार करने के कदम के तहत देश की सबसे बड़ी निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में शामिल मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट (एमएचआईएल) ने स्टारलिट मेडिकल सेंटर में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने के लिए आज शेयर खरीद समझौते (एसपीए) पर हस्ताक्षर करने का ऐलान किया। एमएचआईएल की सहायक कंपनी क्रॉसले रेमेडीज के जरिये संपन्न इस सौदे का उद्यम मूल्य 940 करोड़ रुपये है।

फिलहाल मैक्स हेल्थकेयर एनसीआर दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और महाराष्ट्र में 17 स्वास्थ्य केंद्रों का परिचालन करती है। अपने मौजूदा नेटवर्क में उनके पास 3,533 बिस्तर हैं और इस अधिग्रहण के बाद बिस्तरों की कुल संख्या लगभग 4,083 तक पहुंच जाएगी। वित्त वर्ष 2024 के दौरान उनकी योजना 300 बिस्तर जोड़ने की है। मैक्स हेल्थकेयर का लक्ष्य 4,000 से अधिक अतिरिक्त बिस्तर शामिल करते हुए अपनी क्षमता का और विस्तार करना है। अगले चार साल में लगभग 2,600 बिस्तर शामिल किए जाने की उम्मीद है।

स्टारलिट मेडिकल सेंटर ने हेल्थकेयर उपक्रम की खरीद के लिए सहारा इंडिया मेडिकल इंस्टीट्यूट के साथ बिजनेस ट्रांसफर करार किया है। इसमें लखनऊ में स्थित 550 बिस्तर वाला सहारा अस्पताल भी शामिल है। लखनऊ के गोमती नगर में तकरीबन 27 एकड़ में स्थित यह अस्पताल एनएबीएल और एनएबीएच मान्यता के साथ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल है। यह गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, सर्जरी, कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और डायग्नोस्टिक सुविधाओं जैसी कई स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करता है।

फेम-2 योजना का उल्लंघन : सरकार ने दिल्ली उच्च न्यायालय में कहा ...

'ओकिनावा को न दी जाए अंतरिम राहत'

नितिन कुमार
नई दिल्ली, 8 दिसंबर

दिल्ली उच्च न्यायालय में केंद्र सरकार ने कहा है कि इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओकिनावा ऑटोटेक इंटरनैशनल प्राइवेट लिमिटेड (ओकिनावा) को फेम-2 योजना के उल्लंघन मामले में अंतरिम राहत नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि उसने खुद 'स्वीकार' किया है कि उसने 'इस योजना का उल्लंघन किया है।'

अदालत जाने वाली पहली मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) ओकिनावा ने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर 116 करोड़ रुपये की वसूली के सरकार के निर्देश के खिलाफ रोक के आदेश की मांग की थी, जिसका उसने फेम योजना के तहत प्रोत्साहन के रूप में दावा किया था। अदालत में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एन वेंकटरमन ने कहा कि याचियों ने खुद कबूल किया है कि याची (ओकिनावा) ने फेम योजना का उल्लंघन किया है और चूंकि उन्होंने कबूल किया है, इसलिए वे अदालत से किसी भी अंतरिम राहत के हकदार नहीं हैं।

सरकार का तर्क है कि उन्होंने खुद 'स्वीकार' किया है कि उन्होंने इस योजना का उल्लंघन किया है

एएसजी ने उस दस्तावेज की ओर भी इशारा किया, जो याची द्वारा 23 पुर्जों की सूची प्रदान करते हुए दिया गया है। इसमें ट्रैक्शन बैटरी पैक, डीसी-डीसी कनवर्टर चार्ज, ट्रैक्शन मोटर, व्हील रिम आदि शामिल हैं। एएसजी ने कहा कि यह सूची याचियों द्वारा दी गई है, जिसमें कहा गया है कि ये हिस्से आयात किए गए हैं और इसलिए याचियों का यह रुख कि साल 2021 तक केवल ऑनबोर्ड चार्जर, हब मोटर और मोटर कंट्रोलर ही आयात किए गए थे, सही नहीं है।

ओकिनावा के एक वरिष्ठ वकील ने कहा कि कंपनी ने सरकार के खिलाफ एक रिट याचिका दायर की गई है, जिसमें अधिकारियों द्वारा गलत मांग और फेम2 योजना तथा उसके तहत जारी पत्र/अधिसूचनाओं की उनकी व्याख्या का विरोध किया गया है। इस याचिका में फेम2 का प्रोत्साहन भुगतान हासिल करने में 15 महीने से अधिक की देरी के बारे में भी बताया गया है। याचिका पर अगली सुनवाई 18 दिसंबर को होनी है।

देश को आरऐंडी का खर्च बढ़ाने की जरूरत : क्रिस गोपालकृष्णन

अनीका चटर्जी
बेंगलूरु, 8 दिसंबर

विकास की राह

- भारत को अनुसंधान और विकास का खर्च जीडीपी के मौजूदा 0.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 3 प्रतिशत करने की जरूरत
- निजी क्षेत्र को कुल आरऐंडी खर्च में 1.5 प्रतिशत का योगदान करने की जरूरत है : गोपालकृष्णन

इन्फोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन

इन्फोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन ने आज बेंगलूरु में आयोजित कार्यक्रम पैन आईआईटी वर्ल्ड ऑफ टेक्नोलॉजी (पीआईडब्ल्यूओटी) में मुख्य भाषण के दौरान कहा कि भारत को अनुसंधान और विकास (आरऐंडडी) में खर्च को जीडीपी के मौजूदा 0.7 प्रतिशत से तीन गुना बढ़ाकर तीन प्रतिशत करने की जरूरत है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र को कुल आरऐंडडी खर्च में 1.5 प्रतिशत का योगदान करने की जरूरत है।

भारत ने साल 2020-21 के दौरान आरऐंडडी पर अपना खर्च दोगुना करते हुए तकरीबन 1,27,380 करोड़ रुपये कर दिया है, जो साल 2010-11 में करीब 60,000 करोड़ रुपये था। गोपालकृष्णन ने कहा कि हालांकि जीडीपी के प्रतिशत के रूप में यह खर्च केवल 0.7 प्रतिशत है, जिसे कई गुना बढ़ाने की जरूरत है। भारत में पेटेंट के लिए आवेदनों की संख्या साल 2022 में 31.6 प्रतिशत बढ़ी है, जो दुनिया की सर्वाधिक संख्या में शुमार है। गोपालकृष्णन ने कहा कि भारत ने हाल के दिनों में वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) में भी इजाफा देखा है। देश भर के जीसीसी में से कई स्वयं को आरऐंडडी केंद्र में तब्दील कर रहे हैं। इसके अलावा कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों के विश्व स्तर पर दूसरे या तीसरे सबसे बड़े आरऐंडडी केंद्र भारत में हैं।

गोपालकृष्णन ने शैक्षणिक संस्थानों में एआई और डेटा विज्ञान जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों में पाठ्यक्रम शुरू करने की जरूरत पर भी जोर दिया और कहा कि भारत के पास दुनिया के सबसे बड़े आईटी और स्टेम के प्रतिभा पूलों में एक है।

उन्होंने कहा 'आईटी सेवा उद्योग को वृद्धि जारी रखनी चाहिए क्योंकि यह रोजगार के अवसर पैदा कर रहा है और देश में विदेशी मुद्रा ला रही है। हमें आज उत्पाद क्षेत्र का विकास करना चाहिए क्योंकि यह लगभग 13 से 14 अरब डॉलर का योगदान करता है और इसे 30 अरब डॉलर तक ले जाना चाहिए। हमें आईटी में अनुसंधान पर भी ध्यान देना चाहिए ताकि हम अगली पीढ़ी की उन एआई, प्रौद्योगिकियों को देख सकें, अब से 10 साल बाद उद्योग के लिए जो प्रासंगिक होने जा रही हैं। हमें अनुसंधान संस्थानों के साथ मिलकर अब उन चीजों पर काम करना शुरू कर देना चाहिए।'

उन्होंने कहा कि विश्व की 20 प्रतिशत आबादी का घर होने की वजह से वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र में भारत की बहुत बड़ी भूमिका है।

कार्बन उत्सर्जन 50% कम करेगी जिंदल स्टेनलेस

जिंदल स्टेनलेस को उम्मीद है कि कार्बन उत्सर्जन में 50 फीसदी की कमी लाने का मध्यम अवधि का लक्ष्य साल 2035 से पहले हासिल हो जाएगा। विभिन्न परियोजनाओं के दम पर ऐसा संभव हो पाएगा।

देश की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील कंपनी विभिन्न परियोजनाओं में 700 करोड़ रुपये निवेश कर रही है, जिससे हर साल 15 लाख टन कार्बन डायऑक्साइड के उत्सर्जन की बचत होगी। कंपनी ने कॉप-28 क्लाइमेट समिट में पहली बार अपनी मौजूदगी दर्ज की।

कंपनी ने दुबई में अलग से भारतीय स्टील मंत्रालय की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में भारतीय पैवेलियन में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की पहल के बारे में जानकारी दी। कंपनी के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा, सीओपी 28 के लिए भारत सरकार की तरफ से आमंत्रित किए जाने से खुद को सौभाग्यशाली मान रहे हैं।

जिंदल ने कहा, हम हर साल 15 लाख कार्बन उत्सर्जन में कमी के बीच विभिन्न सस्टैनिबिलिटी प्रोजेक्ट में 700 करोड़ रुपये निवेश कर रहे हैं। सर्वश्रेष्ठ तकनीक, नवोन्मेष, आरऐंडडी में निवेश के साथ ऐसे आधुनिक व टिकाऊ दुनिया बनाने में मदद कर रहे हैं। *बीएस*

यूनिपार्ट्स इण्डिया लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: ग्रिपवेल हाऊस, ब्लॉक-5, सेक्टर- सी 6 एवं 7, बसंत कुंज, नई दिल्ली -110070
कॉरपोरेट कार्यालय: प्रथम मंजिल बी 208, ए1 एवं ए 2,फेस-II, नोयडा-201305, (उ०प्र०) इण्डिया, दूरभाष: +91 120 4581400,
CIN : L74899DL1994PLC061753
ईमेल : compliance.officer@unipartsgroup.com; वेबसाइट : www.unipartsgroup.com

डाक मत सूचना एवं ई–वोटिंग की जानकारी

सदस्यों को एतद्तद्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनीज अधिनियम, 2013 जैसा कि यथासंशोधित ("अधिनियम") की धारा 110, एवं अन्य लागू प्रावधानों, साथ में पठित कम्पनीज (प्रबन्धन एवं प्रशासन) नियमन, 2014, जैसा कि यथासंशोधित ("प्रबन्धन नियम") के नियम 20 एवं 22 के अनुसरण में, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी साधारण परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक अप्रैल 8, 2020, 17/2020 दिनांक अप्रैल 13, 2020, 20/2020 दिनांक मई 5, 2020, 22/2020 दिनांक जून 15, 2020, 33/2020 दिनांक सितम्बर 28, 2020, 39/2020 दिनांक दिसम्बर 31, 2020, 10/2021 दिनांक दिसम्बर 8, 2021, 3/2022 दिनांक मई 5, 2022 एवं 11/2022 दिनांक दिसम्बर 28, 2022 एवं 09/2023 दिनांक सितम्बर 25, 2023 ("एमसीए परिपत्रों"), सिक्योरीटीज एण्ड एक्सचेन्ज बोर्ड ऑफ इण्डिया (लिस्टिंग दायत्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं), विनियमन, 2015, के विनियमन 44 ("एलओडीआर विनियमन"), इन्सीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इण्डिया द्वारा सामान्य बैठकों पर जारी सचिवीय मानकों ("एसएस-2") एवं कोई अन्य लागू कानून, नियमों एवं विनियमनों (किसी वैधानिक संशोधनों अथवा उसके पुनः अधिनियम सहित, समय–समय पर लागू), के अन्तर्गत यूनिपार्ट्स इण्डिया लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों, जिनके ईमेल पते कम्पनी/लिंक इनटाइम इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड ("लिंक इनटाइम" अथवा "आरटीए"), कम्पनी के रजिस्ट्रार एण्ड शेयर हस्तांतरण एजेन्ट/ डिपॉटरीज भागीदारों ("डीपीज") के पास शुक्रवार, दिसम्बर 01, 2023 (कट–ऑफ तिथि) को पंजीकृत है, को भेजे गये डाक मत सूचना में निर्दिष्ट प्रस्तावों पर उनके अनुमोदन की मांग कर रही है। कम्पनी ने डाक मत सूचना को आरटीए के द्वारा ईमेल माध्यम से भेजने का कार्य शुक्रवार, दिसम्बर 08, 2023 को पूरा कर लिया है।

कम्पनी अपने सदस्यों को डाक मत सूचना में प्रस्तावित प्रस्ताओं पर केवल इलेक्ट्रानिक माध्यम ("ई–वोटिंग") द्वारा वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करा रही है। सदस्यों से केवल ई–वोटिंग द्वारा उनकी सहमति अथवा असहमति प्रदान करने का अनुरोध है। कम्पनी ने ई–वोटिंग की सुविधा के लिए लिंक इनटाइम की सेवायें ली हैं ताकि शेयरधारक इलेक्ट्रानिकली अपने वोट डाल सकें। ई–वोटिंग के लिए विस्तारित प्रक्रिया एक–एक कर डाक मत सूचना में दी गई है। सदस्यों से अनुरोध है कि वे नोट कर लें कि ई–वोटिंग सोमवार, दिसम्बर 11, 2023, को प्रातः 9.00 बजे (आईएसटी) पर प्रारम्भ होकर वीरवार, जनवरी 09, 2024, को सायं 5.00 बजे (आईएसटी) पर समाप्त होगी। तदपश्चात् ई–वोटिंग सुविधा लिंक इनटाइम द्वारा निष्क्रिय कर दी जायेगी और उपरोक्त तिथि एवं समय के उपरान्त सदस्यों को अनुमति नहीं दी जायेगी।

सदस्यों के वोटिंग अधिकार की गणना कट–ऑफ तिथि के अनुसार की जायेगी। एक व्यक्ति जो कट–ऑफ तिथि को सदस्य नहीं है, उसे डाक मत सूचना को केवल जानकारी के उद्देश्य से लेना चाहिए। शेयरधारकों के वोटिंग का अधिकार कट–ऑफ तिथि को उनके द्वारा कम्पनी की चुकता इक्वीटी शेयर कैपीटल में उनके शेयर के अनुपात में होगी।

मंडल ने मैसर्स एनकेजे एण्ड एसोसियेट्स, कार्यरत कम्पनी सचिव के श्री नीलेश कुमार जैन, कार्यरत कम्पनी सचिव (सदस्यता संख्या एफ-5593, सीपी न० 5233), को डाक मत/ई–वोटिंग प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संचालन के लिए जाँचकर्त्ता ("जाँचकर्त्ता") के रूप में नियुक्त किया है।

प्रस्ताव यदि डाक मत द्वारा अपेक्षित बहुमत से पारित हो जाते हैं, तो उन्हें ई–वोटिंग के लिए निर्धारित अंतिम तिथि i.e., जनवरी 09, 2024 को पारित माना जायेगा। ई–वोटिंग का परिणाम कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में वीरवार, 11 जनवरी, 2024 अथवा उससें पहले घोषित किया जायेगा और कम्पनी की वेबसाइट www.unipartsgroup.com एवं आरटीए की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in पर भी उपलब्ध होगा।

डाक मत सूचना की प्रतिलिपि कम्पनी की वेबसाइट www.unipartsgroup.com, स्टॉक एक्सचेन्जों की वेबसाइट i.e. बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेन्ज ऑफ इण्डिया लिमिटेड www.bseindia.com एवं www.nseindia.com पर क्रमशः एवं लिंक इनटाइम, ई–वोटिंग एजेन्सी की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in पर उपलब्ध है। जिन सदस्यों को डाक मत सूचना प्राप्त नहीं हुई है, उपरोक्त वर्णित वेबसाइटो से डाऊनलोड कर सकते है।

डिमैटरलाइज प्रपत्र में शेयर धारित सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने ईमेल पते डिपॉटरीज भागीदारों, जिनके पास उनके डीमैट खाते बनाये गये हैं, के पास पंजीकृत/अपडेट करा लें। भौतिक रूप में शेयर धारित सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने ईमेल पते लिखित में कम्पनी/आरटीए को, साथ में फोलियो न०, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि (आगे एवं पीछे), पैन कार्ड (स्व अभिप्रमाणित स्कैन कापी) एवं आधार (स्व अभिप्रमाणित स्कैन कापी) के साथ पंजीकृत/अपडेट करा लें। भौतिक माध्यम में शेयर धारित सदस्य उपरोक्त कागजातों को compliance.officer@unipartsgroup.com पर भेजकर अपडेट/पंजीकृत करा लें अथवा आरटीए को निम्न पते पर भेजें:

मैसर्स लिंक इनटाइम इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड, ईकाई: यूनिपार्ट्स इण्डिया लिमिटेड, नोबल हाईट्स, प्रथम मंजिल, प्लॉट न० एनएच 2, एलएससी, सी-1 ब्लॉक, नजदीक सावित्री मार्किट, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

ई–वोटिंग से सम्बन्धित किसी भी प्रश्न अथवा समस्या के लिए शेयरधारक अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यूज") एवं https://instavote.linkintime.co.in, इनस्टावोट ई–वोटिंग पर उपलब्ध नियमावली के सहायता भाग अथवा श्री राजीव रंजन, एवीपी- ई वोटिंग, लिंक इनटाइम सी-101, 247 पार्क, एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुम्बई- 400083 को enotices@linkintime.co.in पर मेल लिख सकते हैं अथवा दूरभाष न० 022 - 49186000 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

निदेशक मंडल की ओर से उनके लिए
कृते यूनिपार्ट्स इण्डिया लिमिटेड
हस्ता०/–
जतिन महाजन
कानूनी प्रमुख, कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

तिथि : दिसम्बर 09, 2023
स्थान : नोयडा

जीएमआर एयरपोर्ट्स में जीक्यूजी का दांव

पृष्ठ 1 का शेष

पहली परियोजना आंध्र प्रदेश के भोगापुरम में है। दूसरी परियोजना ग्रीस के हेराक्लिओन में है जहां वह निर्माण कंपनी जीईके टेर्ना के साथ मिलकर काम कर रही है। भारत में जीएमआर समूह तीन हवाई अड्डे - दिल्ली, हैदराबाद और मोपा (गोवा का दूसरा हवाई अड्डा) - चलाती है। इसके अलावा जीएमआर समूह विदेश में दो हवाई अड्डे - फिलिपींस का सेबू हवाई अड्डा और इंडोनेशिया का मेदान हवाई अड्डा - चलाती है।

2022-23 में इन हवाई अड्डों पर कुल 10 करोड़ से अधिक यात्रियों की आवाजाही हुई। इस दौरान खास तौर पर तीन भारतीय हवाई अड्डों पर यात्रियों की संख्या 8.6 करोड़ दर्ज की गई जो कुल घरेलू हवाई यातायात का करीब 26.6 फीसदी है।

जीएमआर समूह दिल्ली और हैदराबाद हवाई अड्डों का विस्तार कर रहा है। जीएमआर एयरपोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार विस्तार कार्य अगले साल मार्च तक पूरा होने की उम्मीद है। विस्तार पूरा होने के बाद दिल्ली हवाई अड्डे की क्षमता बढ़कर सालाना 10 करोड़ यात्रियों की हो जाएगी और हैदराबाद हवाई अड्डे की क्षमता सालाना 3.4 करोड़ यात्रियों की होगी।

समूह के मोपा हवाई अड्डे का उद्घाटन प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 11 दिसंबर को किया था। वहां पहली घरेलू उड़ान 5 जरवरी को और पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान 21 जुलाई को होगी। समूह ने दिसंबर 2022 में भारत सरकार के प्रमुख निवेश प्लेटफॉर्म नैशनल इन्वेस्टमेंट ऐंड इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (एनआईआईएफ) के साथ साझेदारी की घोषणा की थी।

एयर इंडिया 4 वर्ष में 5 गुना करेगी सदस्य

दीपक पटेल
नई दिल्ली, 8 दिसंबर

सुधार पर नजर

- पूरी तरह से पुनरुद्धार कार्यक्रम की प्रक्रिया में जुटी विमानन कंपनी
- फ्लाइंग रिटर्न्स फ्रीक्वेंट फ्लायर कार्यक्रम के तहत मौजूदा 40 लाख सदस्यों को बढ़ाकर 2 करोड़ तक करने की है योजना
- जब टाटा समूह ने एयर इंडिया का नियंत्रण संभाला, तो फ्लाइंग रिटर्न्स में करीब 30 लाख सदस्य थे और खासा हिस्सा पड़ा था निष्क्रिय

एयर इंडिया अगले चार साल के भीतर अपने फ्लाइंग रिटर्न्स फ्रीक्वेंट-फ्लायर कार्यक्रम के तहत मौजूदा 40 लाख सदस्यों को बढ़ाकर दो करोड़ तक करने की योजना बना रही है। विमानन कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बिजनेस स्टैंडर्ड को यह जानकारी दी।

फिलहाल इस कार्यक्रम में 35 से अधिक कंपनियों के साथ साझेदारी है, जिसमें एयर इंडिया से बाहर 25 विमानन कंपनियां भी शामिल हैं, जो स्टार अलायंस समूह का हिस्सा हैं। अधिकारी ने बताया कि एयर इंडिया का लक्ष्य मार्च के अंत तक अपने साझेदारों की संख्या 50 से अधिक करना है।

हाल ही में कुल 470 विमानों का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा विमान ऑर्डर देने वाली यह विमानन कंपनी अपने कार्यक्रम में व्यापक बदलाव की प्रक्रिया में है। इस कार्यक्रम में मौजूदा हवाई अड्डों के लाउंज का पुनरुद्धार, यात्रियों को अपनी 25 साझेदार विमानन कंपनियों में से किसी में भी ऑनलाइन टिकट बुकिंग के लिए पॉइंट भुनाने में सक्षम बनाना, यात्रियों को नकदी और पॉइंट (डायनामिक अवार्ड चार्ट) के संयोजन का उपयोग करके टिकट बुक करने का विकल्प प्रदान करना और सक्रिय सदस्यों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि करना शामिल है।

पिछले एक वर्ष में इस कार्यक्रम का इस्तेमाल कर चुके किसी सदस्य को 'सक्रिय' सदस्य माना जाता है। अगस्त में एयर इंडिया के मुख्य कार्याधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने घोषणा की थी कि अगले साल की शुरुआत में पूरी तरह से नया विश्वसनीयता कार्यक्रम पेश किया जाएगा। विमानन उद्योग के सूत्रों के मुताबिक इस बात के संकेत हैं कि विमानन कंपनी इसकी दोबारा शुरुआत के इस विश्वसनीयता कार्यक्रम का नाम बदलने पर विचार कर सकती है।

विमानन कंपनी ने अधिकारी ने बताया कि जब टाटा समूह ने एयर इंडिया का नियंत्रण संभाला, तो फ्लाइंग रिटर्न्स में करीब 30 लाख सदस्य थे। इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा निष्क्रिय था। सक्रिय ग्राहक आधार तुलनात्मक रूप से छोटा था। सक्रिय ग्राहकों के लिहाज से अन्य विमानन कंपनियों की तुलना में यह एक-तिहाई से भी कम था। इस संबंध में बिजनेस स्टैंडर्ड द्वारा भेजे गए सवालों का एयर इंडिया ने जवाब नहीं दिया।

वर्तमान में सदस्यों की कुल संख्या 40 लाख से कुछ अधिक है। अधिकारी ने बताया कि केवल पिछले साल ही हमने दस लाख से अधिक नए सदस्यों का स्वागत किया है और हमें खासी रफ्तार नजर आ रही है। हमारा सक्रिय सदस्य आधार या जुड़ाव दर पिछले स्तरों की तुलना में दोगुनी से अधिक हो चुकी है। हमारी योजना यह है कि हम अगले तीन से चार साल के दौरान दो करोड़ से अधिक सदस्य बनाना चाहते हैं। भारत के विशाल आकार और पैमाने के मद्देनजर हम इसे केवल शुरुआत ही मानते हैं।

टाटा समूह ने पिछले साल जनवरी में एयर इंडिया का नियंत्रण संभाला था और विमानन कंपनी वर्तमान में प्रति सप्ताह लगभग 3,000 उड़ानों का परिचालन कर रही है।

मुंबई संस्करण : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संगीता खेओरा द्वारा मै. दांगट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, 22, दीघा एमआईडीसी, टीटीसी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई-400708 से मुद्रित एवं बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल\ आरएनआई नं. MAHHIN/2008/24325 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्सबिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.inया 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं